## खबर संक्षेप



### साप्ताहिक बाजार में सुरक्षा के लिये वाहनों का आवागमन हो प्रतिबंधित

**सिलौंडी।** जिले की सबसे बड़ी साप्ताहिक बाजार सिलौड़ी में व्यवसायिक गतिविधियां बढ़ने एवं आवागमन से हादसे का खतरा बना रहता है। साप्ताहिक बाजार में कई गांव के लोग पहुंचते हैं जिसमें जिले ही नहीं जबलपुर ग्रामीण क्षेत्र के सिमरिया ,झिरमिला , अमहेटा, सहित लगभग 25 गांव के लोग साताहिक खरीदी को आते है। साप्ताहिक बाजार बुधवार को बड़ी संख्या में लोग की भीड़ लगती हैपहले लोग स्वयं से ही वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करते थे साप्ताहिक बाजार में वाहन नही ले जाते थे । परंतु पिछले दो सालों से कुछ वाहन मालिक जिद कर साप्ताहिक बाजार में वाहन निकालने का कार्य करते है जिससे आम जनता ओर व्यापारियों को दिक्कत होती है ।जागरूक नागरिक और व्यापारियों ने प्रशासन से साप्ताहिक बाजार बुधवार को सिर्फ 8 घंटे आम जनता की सुरक्षा और व्यावसायिक गतिविधि को बढ़ाने के उद्देश्य से साप्ताहिक बाजार के मार्ग में वाहनों के आवागमन को प्रतिबंध करने की मांग किया है ।

### कलेक्टर ने जिले के सभी 52 विभागों से मांगी गई जानकारी

**कटनी।** जिले में अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने समय-सीमा बैठक में जिले के समस्त 52 प्रमुख विभागों के प्रमुखों से सीधी भर्ती के समस्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के नियमित स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की तत्काल जानकारी मांगी है। कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा है कि जिले में शासन एवं जिला स्तर पर प्राप्त अनुकंपा नियुक्ति के कई मामले प्रक्रियाधीन हैं। इन मामलों के त्वरित निराकरण के लिए यह आवश्यक है कि जिले में सीधी भर्ती के स्वीकृत, कार्यरत और रिक्त पदों की सही स्थिति स्पष्ट हो। सभी संबंधित अधिकारियों को अप्रैल 2026 की स्थिति में यह डेटा शीघ्र निर्धारित प्रपत्र में अनिवार्य रूप से कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### भीम आर्मी और संयुक्त मोर्चा का विरोध प्रदर्शन कल

**कटनी।** आगामी 1 मई को भीम आर्मी और संयुक्त मोर्चा (SC/ST/OBC) द्वारा विरोध प्रदर्शन और कलेक्ट्रेट घेराव की घोषणा की गई है। यह प्रदर्शन पिछले दिनों इंदिरा नगर क्षेत्र में एक बारात के दौरान हुई कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में किया जा रहा है। भीम आर्मी के पदाधिकारियों का आरोप है कि 20 अप्रैल को इंदिरा नगर में एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान पुलिस ने बल प्रयोग किया, जिसमें समाज के बुजुर्ग और युवा घायल हुए थे। संगठन का कहना है कि प्रशासन और पुलिस की यह कार्रवाई अलोकतांत्रिक थी, जिसके खिलाफ अब 'आर-पार की लड़ाई' का मन बना लिया गया है। संगठन द्वारा जारी सूचना के अनुसार 1 मई को होने वाले इस आंदोलन का के तहत दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कलेकट्रेट के सामने प्रदर्शन होगा। मुख्य मांग यह है कि घटना के लिए जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर तत्काल सख्त कार्रवाई और उन्हें निलंबित किया जाये। भीम आर्मी और संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने स्पष्ट किया है कि वे दोपहर में कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे और शाम 5:00 बजे जिला प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

## उमरियापान, ढीमरखेड़ा क्षेत्र में परेशान किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

# सर्वर डाउन से फजीहतः बारदाना की कमी और परिवहन की सुस्त चाल, किसानों में बढ़ा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



उमरियापान-ढीमरखेड़ा क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर शुरू हुई गेहूं खरीदी इस बार किसानों के लिए राहत के बजाय परेशानी का कारण बनती जा रही है। पंजीयन कराने के बाद भी किसानों को स्लॉट बुकिंग के लिए केंद्रों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। सर्वर डाउन, ओटीपी नहीं मिलना और पोर्टल की तकनीकी खामियों के कारण अधिकांश किसानों की स्लॉट बुकिंग नहीं हो पा रही है। हालात यह हैं कि कई उपार्जन केंद्रों में खरीदी कार्य लगभग ठप पड़ा हुआ है।किसान आशीष चौरसिया, रमन शुक्ला, शशिबिंदु पटेल, नोखेलाल पटेल और विजय दाहिया का कहना है कि खरीदी प्रक्रिया शुरू होते ही व्यवस्थाओं की पोल खुल गई है। पंजीकृत कृषकों को स्लॉट बुक करने के लिए दिन-रात दौड़ना पड़ रहा है, इसके बावजूद स्लॉट बुक नहीं हो पा रही है।

### प्रविष्टि लंबित, भुगतान में देरी

किसानों ने बताया कि सर्वर लगातार डाउन रहने से पूरी प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। स्थिति यह है कि जिन किसानों की उपज की तौल हो चुकी है, उनकी जानकारी पोर्टल पर दर्ज नहीं हो पा रही है। इससे तौली गई उपज की प्रविष्टि लंबित है और भुगतान में देरी हो रही है, जिसका सीधा असर किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है।

### बारदाने की कमी और परिवहन ठप

ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में गेहूं खरीदी के लिए एक दर्जन से अधिक उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं, लेकिन केंद्रों में बारदाने की कमी के कारण खरीदी कार्य प्रभावित हो रहा है। किसानों का कहना है कि तौल के बाद भी उनकी उपज केंद्रों पर ही पड़ी हुई है। गोदामों की मैपिंग नहीं होने से परिवहन व्यवस्था पूरी तरह ठप है, जिससे उठाव नहीं हो पा रहा और केंद्रों पर गेहूं का अंबार लग गया है। इससे न केवल किसानों बल्कि केंद्र प्रभारियों की चिंता भी बढ़ गई है। इधर मौसम में लगातार बदलाव और बूंदाबांदी से खुले में रखी उपज के खराब होने का खतरा मंडरा रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान की आशंका है।

### अव्यवस्थाओं से किसानों में आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

किसानों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार भले ही किसानों का दाना-दाना खरीदने की बात करती हो, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। किसानों की मांग है कि पोर्टल की तकनीकी समस्याओं को तत्काल दूर कर खरीदी प्रक्रिया को सुचारु बनाया जाए और तौली जा चुकी उपज का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### इनका कहना है

इस संबंध में ढीमरखेड़ा एसडीएम निधि गोहल ने बताया कि किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की समस्या से अवगत कराया गया है। तकनीकी खामियों के कारण यह स्थिति बनी है, जिसको लेकर विभागीय अधिकारियों से चर्चा की गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया सुचारु हो जाएगी। एसडीएम ने यह भी बताया कि बारदाने की कमी को लेकर भी संबंधित अधिकारियों से बातचीत की गई है,आज शाम तक उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त बारदाना उपलब्ध करा दिया जाएगा।परिवहन व्यवस्था में भी तेजी लाई जाएगी।



## स्कूल में लगी आग से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत जेपीव्ही डीएवी स्कूल में गुरुवार सुबह आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही समय में स्कूल का कंप्यूटर लैब जलकर तबाह हो गया जबकि कई अन्य कमरे भी इसकी चपेट में आ गए। सूत्रों की माने तो आगजनी की घटना में फर्नीचर, कंप्यूटर उपकरण और महत्वपूर्ण शैक्षणिक दस्तावेजों को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 10:30 बजे स्कूल परिसर से धुआं उठता देखा गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही बस स्टैंड जोन से दमकल वाहन मौके पर पहुंचा, जिसके बाद एक और फायर ब्रिगेड वाहन को भी रवाना किया गया। दो दमकल गाड़ियों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक कंप्यूटर सेंटर सहित कई कक्ष पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके थे। प्रारंभिक आंकलन के अनुसार बड़े नुकसान की आशंका जताई जा रही है। राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। स्कूल में मौजूद सभी छात्र-छात्राएं और स्टाफ सुरक्षित हैं। यदि यह घटना उस समय होती जब कक्षाओं में अधिक संख्या में छात्र मौजूद होते, तो स्थिति बेहद गंभीर हो सकती थी। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, हालांकि प्रशासन और संबंधित विभागों द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## गलत जानकारी देकर पंजीयन कराने पर होंगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश के श्रम विभाग द्वारा दुकान एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 के अंतर्गत ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने हेतु न्यूनतम जानकारी एवं कम से कम दस्तावेजों के आधार पर श्रम सेवा पोर्टल के माध्यम से त्वरित पंजीयन एवं प्रमाण-पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

श्रम विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के दौरान यह पाया गया है कि कुछ आवेदक गलत जानकारी प्रस्तुत कर बैंक ऋण अथवा अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से पंजीयन करा रहे हैं। इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि प्रत्येक आवेदन का सत्यापन समग्र आईडी के आधार पर अनिवार्य रूप से किया जाता है।

श्रम विभाग ने सभी संबंधित आवेदकों व संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्रवाई से बचने हेतु यदि गलत जानकारी के आधार पर पंजीयन प्राप्त किया गया हो, तो उसे स्वेच्छा से निरस्त करें। पंजीयन निरस्तीकरण की सुविधा श्रम सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध है। साथ ही जिन संस्थानों में 10 या अधिक श्रमिक कार्यरत हैं, वे अपना ईएसआईसी पंजीयन नंबर पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करें। जिन संस्थानों में 20 या अधिक श्रमिक कार्यरत हैं, वे अपना ईएसआईसी एवं ईपीएफओ पंजीयन नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज करें। समस्त नियोजकों से अपेक्षा है कि वे सत्य एवं सटीक जानकारी प्रदान करते हुए नियमों का स्वप्रेरित अनुपालन सुनिश्चित करें, जिससे प्रदेश में श्रमिक हितों के संरक्षण हेतु पारदर्शी एवं उत्तरदायी कार्य वातावरण को बढ़ावा मिल सके।

### बाइकों में भिड़ंत, 5 गंभीर घायल


**कटनी।** दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कटनी बरही-मैहर मार्ग पर उबरा रोड स्थित गुरुकुल के पास हुआ। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चार घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, कुटेश्वर निवासी सुग्रीव केवट 25 वर्ष और डीघी निवासी अरुण केवट 20 वर्ष अपनी बहन की शादी के लिए बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहे थे। गुरुकुल के समीप पहुंचते ही उनकी बाइक की विपरीत दिशा से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से जोरदार भिड़ंत हो गई। दूसरी मोटरसाइकिल पर ग्राम मनघटा निवासी सीताराम काछी 26 वर्ष, भरत चौधरी 50 वर्ष और शीला बाई चौधरी 55 वर्ष सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मोटरसाइकिलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में सुग्रीव, अरुण, सीताराम, भरत और शीला बाई को गंभीर चोटें आईं। बरही अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने चार घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तत्काल बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### समूह की महिलाओं को दिया जा रहा सिलाई का प्रशिक्षण



भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी में जिले के विभिन्न विकास खंडों कि स्व–सहायता समूह एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाओं को संचालक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में 31 दिवसीय सिलाई का सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में रामसुख दुबे द्वारा रोजगार स्वरोजगार एवं उद्यमिता की विस्तृत जानकारी दी गई। जिससे प्रशिक्षण के उपरांत महिलाएं अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें। सिलाई का प्रशिक्षण प्रशिक्षक दीपा पाठक द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के समय संस्था के कर्मचारी राजेश विश्वकर्मा, सुनील रजक, ओमप्रकाश तिवारी, अनुपम पांडे एवं अरुण रजक उपस्थित रहे।

## नियमों की अनदेखी पर कार्यवाही, 6 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम का उल्लंघन करने वाले मेडिकल स्टोर संचालकों के विरूद्ध कलेक्टर आशीष तिवारी के द्वारा सख्त कार्यवाही करने के दिये निर्देश के पालन में ड्रग इंस्पेक्टर सोनम जैन ने कटनी शहर और झिंझरी क्षेत्र के 6 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित कर दिया है।

ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि इन मेडिकल स्टोर के औचक निरीक्षण के दौरान औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के विभिन्न नियमों का उल्लंघन पाया गया था। इस संबंध में विभाग द्वारा 15 अप्रैल 2026 को संबंधित संचालकों को 'कारण बताओ नोटिस' जारी कर जवाब मांगा गया था। परंतु, संबंधित फर्मों द्वारा प्रस्तुत किया गया जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया, जिसके फलस्वरूप नियमानुसार निलंबन की यह कार्रवाई की गई है।

### इन मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस निलंबित

अनियमितताओं के आधार पर झिंझरी स्थित विद्या मेडिकल, महाकाल मेडिकल एवं कटनी स्थित मोहित फार्मेनिक, मनोज मेडिकोज और ओम साईं मेडिकोज का लाइसेंस 7 दिनों के लिए निलंबित किया गया है। जबकि गौतम मेडिकल, झिंझरी का लाइसेंस 3 दिनों के लिए निलंबित किया गया है। दौरान संबंधित मेडिकल स्टोर्स पूरी तरह से बंद रहेंगे। इस दौरान किसी भी प्रकार की दवाओं का क्रय-विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यदि निलंबन अवधि के दौरान दुकान संचालित पाई जाती है, तो संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

*पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर में चलाया जा रहा अभियान*

## पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान, ट्रैफिक रूल्स का पालन करने दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने एवं हेलमेट की अनिवार्यता को लेकर शहर सहित ग्रामीण थाना क्षेत्रों में पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। एनकजे पुलिस ने हिरवारा एवं दुर्गा चौक खिरहनी में चेक पॉइंट लगाए। चेक प्वाइंटों में पुलिस लोगों को हेलमेट की अनिवार्यता समझाते हुए जहां एक तरफ जागरूक करने का प्रयास कर रही थी। वहीं नियमों को ताक पर रखकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही भी हो रही थी। इसी तरह बस स्टैण्ड चौकी पुलिस ने भी जांच अभियान चलाया एवं वाहन चालकों को नियमों का पालन करने जागरूक किया।

एनकेजे थाना प्रभारी रूपेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा यातायात जागरूकता एवं हेलमेट अनिवार्यता के संबंध में समस्त थाना प्रभारियों को विशेष निर्देश प्रदान किए गए हैं। पुलिस टीम के द्वारा जागरूकता अभियान के साथ-साथ वाहनों की जांच कार्यवाही भी की गई। इस दौरान जहां वाहन चालकों को हेलमेट की अनिवार्यता से संबंधित जानकारी देते हुए उन्हें पंपलेट वितरित किए गए, वहीं जांच करते हुए लगभग आधा दर्जन ऐसे लोगों के खिलाफ धारा 185 के तहत कठोर कार्यवाही भी की जो की नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पाए गए। इसके साथ ही लगभग दो दर्जन लोगों के खिलाफ चालानी कार्यवाही भी की गई है। उन्होंने समस्त वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने हेलमेट आपकी सुरक्षा के लिए है। इसकी अनदेखी पूरे परिवार के लिए बड़ी परेशानी खड़ी कर सकती है।

इसी तरह उमरियापान पुलिस ने भी मुख्य चौराहो और सड़कों पर चेक प्वाइंट लगाकर आने जाने वाले वाहन चालकों की ब्रीद एनालाइजर के जरिए जांच करते हुए उन्हें अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करने की समझाइए दी जा रही है। इसके अलावा लगातार शराब का सेवन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्त करने जैसे कठोर कदम भी पुलिस के द्वारा उठाए जा रहे हैं।

थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने बताया कि जांच के साथ ही वाहन चालकों को हेलमेट की अनिवार्यता के विषय में जानकारी देते हुए उन्हें वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनने के लिए जागरूक किया गया लापरवाही पूर्वक एवं नियम विरुद्ध तरीके से वाहन चलाने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही भी की गई।

## जिपं सामान्य सभा की बैठक में जनहित से जुड़े मुद्दों पर किया संवाद

# सुझावों को मिनिट्स में लें संबंधित अधिकारी, करें तथ्यात्मक कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बुधवार को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा की अध्यक्षता और जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर तथा जिला पंचायत सदस्य गणों की मौजूदगी में संपन्न हुई। बैठक में उपाध्यक्ष श्री विश्वकर्मा सहित जिला पंचायत सदस्यों सर्व श्री अजय गोटिया, कविता राय और प्रदीप त्रिपाठी ने जनहित से जुड़े मुद्दों शिक्षा, स्वास्थ्य,पेयजल, कृषि विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,बिजली बिलों और किसानों को उपार्जन में होने वाली समस्याओं पर बेबाकी से अहम सवाल किए। संबंधित अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों को विभागीय गतिविधियों, उपलब्धियों, कार्यक्रमों एवं योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान जिला पंचायत सदस्यों द्वारा सुझाव दिए जाने पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने सदस्यों के सुझावों को मिनिट्स बुक में दर्ज करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्परता पूर्वक तथ्यात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके पूर्व अधिकारियों द्वारा गत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर उपस्थित सदस्यों को समुचित जानकारी दी गई। सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्य प्रेमलाल केवट,माला मौसी,रीना लोधी,प्रिया सिंह, संगीता देवी एवं जनपद अध्यक्ष बहोरीबंद लालकमल बंसल, ढीमरखेड़ा से सुनीता दुबे एवं रीठी से श्रीमती श्याम कली और विधायक प्रतिनिधि विजयराघवगढ़ उदयराज सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है कि अपरिहार्य एवं आवश्यक कारणों से जिला पंचायत अध्यक्ष की अनुपस्थिति के कारण बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष द्वारा की गई।

जिला पंचायत सदस्यों ने मध्यप्रदेश विद्युत मंडल द्वारा ग्राम पंचायतों को भेजे जा रहे अनाप-शनाप बिजली बिलों को लेकर असंतोष जाहिर करते हुए विद्युत बिल सुधार कराने हेतु अधिकारियों से चर्चा की। इसी प्रकार जल निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजनाओं के क्रियान्वयन को चुस्त दुरुस्त रखने के संबंध में संवाद हुआ। उपार्जन कार्य में किसानों द्वारा स्लाट बुक करने पर बुक नहीं होने पर चर्चा हुई तथा सदस्यों ने किसानों को स्लाट बुक करने हेतु टोकन जारी करने के संबंध में विचार विमर्श कर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु अधिकारियों से वार्तालाप किया।

सीईओ सुश्री कौर ने आयुष्मान कार्ड का लाभ एवं उपयोगिता जन-जन तक पहुंचाने के संबंध में आवश्यक जानकारी और प्रोसेस के संबंध में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कराने हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।





## बीच ट्रेक पर बिगड़ा ट्रक, आ गई मालगाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरी में रेलवे फाटक के पास बुधवार शाम लगभग 5 बजे उस समय हड़कंप मच गया जब रेलवे गेट बंद होने का सायरन बजने पर फाटक पार करने की जल्दी में ट्रक क्रमांक एमपी 09 HH 1791 दोनो फाटक के बीच रेलवे ट्रेक पर बंद होकर खड़ा हो गया। ट्रक चालक के बार-बार स्टार्ट करने के बाद भी ट्रक चालू नहीं हो रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार में दमोह की ओर मालगाड़ी दौड़ती चली आ रही थी जिसे देख गेट के पास खड़े लोगो में आफरा तफरी का माहोल निर्मित हो गया।

मालगाड़ी चालक ने अंदेशा को भागते हुए अपनी ट्रेन की रफ्तार को धीमा कर दिया। गेट मेन और पास खड़े लोगो की सूझबूझ से रेलवे ट्रेक पर बंद खड़े ट्रक को पीछे से दूसरे ट्रक ने धक्का मारकर रेलवे ट्रैक से बाहर किया और मालगाड़ी निकली गई। इस तरह एक बड़ा हादसा होते होते टल गया।

## खबर संक्षेप

### दो युवकों को किया गिरफ्तार, बैटरी जब्त

**कटनी।** कुठला पुलिस ने इन्द्रानगर पावर हाउस क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में बैट्री लेकर घूम रहे दो युवकों को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया तथा नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार नियमित गश्त के दौरान इन्द्रानगर पावर हाउस के पीछे एक मोटरसाइकिल पर खड़े दो युवक संदिग्ध हालत में ऑरेंज व काले रंग की 'लिव फास्ट' कंपनी की बैट्री लिए मिले। पूछताछ में युवकों ने अपने नाम संदीप रजक 26 निवासी कुम्हारी थाना पवई जिला पन्ना एवं इशाक उर्फ भूरा खान 19 निवासी कुम्हारी मुस्लिम मोहल्ला थाना पवई जिला पन्ना बताए। पुलिस द्वारा बैट्री से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे जाने पर दोनों युवक संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। संदेह के आधार पर पुलिस ने बैट्री जब्त करते हुए धारा 106 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्रवाई की। कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक तीरथ टेकाम, आरक्षक मनोज सिंह राजपूत सहित पुलिस स्टाफ की भूमिका रही।

### टायर फटने से अनाज लोड पिकअप पलटा



**कटनी।** अनाज लेकर जा रहा एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन टायर फटने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क के बीचों-बीच पलट गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में वाहन में सवार तीन लोगों को केवल मामूली चोटें आईं और कोई गंभीर जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन क्रमांक MP 35 ZC 4076 अपनी सामान्य गति से कटनी की ओर जा रहा था। जैसे ही वाहन पुरैना मोड़ के समीप पहुंचा, अचानक उसका एक टायर जोरदार धमाके के साथ फट गया। चालक ने वाहन को नियंत्रित करने का प्रयास किया लेकिन भारी बोझ लदा होने के कारण वाहन बीच सड़क पर ही पलट गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सुरक्षित वाहन से बाहर निकाला गया और उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। वाहन पलटने से अनाज की बोरियां पूरी सड़क पर बिखर गईं, जिससे पन्ना-कटनी मार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। हालांकि, ग्रामीणों ने सक्रियता दिखाते हुए घायलों की मदद करने के साथ-साथ सड़क पर बिखरे अनाज को किनारे करवाया, जिसके बाद आवागमन फिर से सुचारू रूप से शुरू हो सका।

### ऑनलाइन स्व-गणना आज ही करें 30 अप्रैल अंतिम तिथि

**कटनी।** राष्ट्रीय जनगणना 2027 के अंतर्गत ऑनलाइन स्व-गणना की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 का एक ही दिन शेष है। नागरिकों के पास अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज करने का यह अंतिम अवसर है। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार आईएएस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का लाभ प्राप्त कर https://se.census.gov.in पोर्टल पर तुरंत स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जनगणना देश के विकास की आधारभूत प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि स्व-गणना पूर्ण होने पर एक एसई आईडी (SE ID) जनरेट होती है, जिसे 1 मई से 30 मई 2026 के बीच प्रगणक के घर-घर भ्रमण के दौरान साझा करना अनिवार्य रहेगा। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि 30 अप्रैल 2026 के बाद ऑनलाइन स्व-गणना का अवसर समाप्त हो जाएगा और इसके पश्चात प्रगणक द्वारा घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि समय रहते स्व-गणना पूर्ण कर इस राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

### जलकर में चक्रवृद्धि ब्याज पूर्णतः समाप्त, सौर ऊर्जा एवं नामकरण सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

# परिषद की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर लिये गये निर्णय, आज बजट पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम परिषद की बैठक निगम अध्यक्ष मनीष पाठक की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें शहर के विकास, जलकर में चक्रवृद्धि ब्याज समाप्त, राजस्व वृद्धि एवं जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर निर्णय लिए गए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट एवं लोकमहत्व के विषय पर कथन का प्रस्ताव महापौर एवं एम.आई.सी. के सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण आगामी बैठक दिनांक 30 अप्रैल 2026 को दोपहर 12:00 बजे विस्तृत चर्चा कर निर्णय लिया जावेगा।

जलकर पर लगाए जाने वाले चक्रवृद्धि ब्याज के संबंध में चर्चा की गई, जिसमें वरिष्ठ पार्षदों द्वारा पूर्व महापौर श्रीमती निर्मला पाठक के कार्यकाल में अन्य विषय क्रमांक 02 दिनांक 26 मार्च 2013 में जलकर पर अधिरोपित अधिभार को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया गया था बकाया राशि पर आगामी समय पर चक्रवृद्धि ब्याज देय नहीं होने का निर्णय लिया गया था । इस संबंध में निगमाध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा चक्रवृद्धि ब्याज से छूट प्रदान करनें हेतु पूर्व में पत्राचार किया गया है । राजस्व सुदृढ़ीकरण के दृष्टिकोण से आवश्यक सुझाव दिए गए और संशोधन के साथ प्रस्ताव पारित किया गया।

#### बिना कनेक्शन जारी हो रहे बिल

इस संबंध में निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने सदन में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शहर में ऐसे कई मामलों की शिकायतें सामने आई हैं, जहां 20-25 वर्षों से जिन मकानों में वास्तविक नल कनेक्शन नहीं है, उनके नाम से भी जलकर के बिल जारी किए जा रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्री पाठक ने इस विषय की गंभीरता को देखते हुए संपूर्ण जांच कराने के निर्देश दिए तथा स्पष्ट कहा कि जिन उपभोक्ताओं के यहां वास्तविक कनेक्शन नहीं पाया जाता है, उनके बिल निरस्त किए जाएं, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे।

वित्तीय वर्ष 2026-27 में भवनों एवं भूमियों पर संपत्तिकर नियम 2020 के अनुसार गणना, क्षेत्रवर्गीकरण एवं कर योग्य संपत्ति मूल्य में वृद्धि के विषय पर चर्चा की गई। सदन के सदस्यों ने इसमें पारदर्शिता एवं संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया और प्रस्ताव सर्वसम्मति से निरस्त किया गया।

निगम सम्मिलन की बैठक दिनांक 18.06.2025 के निर्णय अनुसार नगर निगम कटनी द्वारा ट्रेड लाइसेंस हेतु निर्धारित वार्षिक शुल्क में संशोधन वृद्धि एवं अन्य व्यवसाय पोर्टल में सम्मिलित किए जाने के संबंध में प्रस्ताव पर विचार किया गया, जिसे सलाहकार समिति के माध्यम से परिषद में प्रस्तुत किये जाने का निणर्य सर्वसम्मति से लिया गया।

सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने हेतु भवनों में संपत्तिकर में छूट दिए जाने के विषय पर चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से स्वीकृत। वीर सावरकर वार्ड क्रमांक 12 के अंतर्गत अनुसूचित वर्ग के परिवारों की बस्ती क्षेत्र का नाम "संत रविदास नगर" किए जाने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने कहा कि परिषद द्वारा लिए गए सभी निर्णय शहर के समग्र विकास, नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी पार्षदों के सहयोग और सकारात्मक सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।

अंत में निगम अध्यक्ष पाठक द्वारा समयाभाव के कारण बैठक आज 30 अप्रैल को दोपहर 12:00 बजे तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की गई। बैठक के दौरान संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल विधायक मुडवारा,सदन के सदस्यगण निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार सहित निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



### टीसीएस इंटर्नशिप में चयनित हुए छात्र को किया सम्मानित

**कटनी।** टेवाईट महाविधालय के द्वारा होटल में बीसीए के छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ठ परीक्षा परिणम के लिए सम्मान समरोह और बीसीए अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम मे टीसीएस इंटर्नशिप टेक्नोलॉजी में चयनित 06 छात्र-छात्राओं को विशेस संम्मनित किया गया। कार्यक्रम में कटनी ऑटर्स एवं कॉमर्स कॉलेज के संस्थापक डॉ. जय चड्डा मुख्य अतिथि एवं अध्याक्षता महाविधालय के संस्थापक सुकीर्ति जैन जी ने की और छात्र-छात्राओं को विभाग प्रोफेसर विपिन गर्ग ने एआई के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाया। कार्यक्रम में संस्था के बी.एड. विभाग के डायरेक्टर संचित जैन श्रीमति सुरभि जैन मैडम,,प्रो. शिल्की गर्ग,विकास तिवारी,विवके पांडे एवं खुशी जयसवाल ने छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविश्य सुभकामनाये दी।

*जिले में अब तक 6 हजार 998 किसानों ने बेची अपनी उपज*

# समर्थन मूल्य पर अब तक 21 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूँ उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रबी विपणन वर्ष 2026-27 में जिले में 15 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर शुरू हुये गेहूँ उपार्जन में बुधवार 29 अप्रैल तक कुल 6 हजार 998 कृषकों से अब तक 21 हजार 951 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। जिले में अब तक 25 हजार 678 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की जा चुकी है।

#### उपार्जन में ढीमरखेड़ा अग्रणी

जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए गेहूँ उपार्जन के मामले में तहसील ढीमरखेड़ा अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में कुल 2212 किसानों से 6 हजार 318 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील बहोरीबंद में 993 किसानों से 3 हजार 464 मीट्रिक टन गेहूँ समर्थन मूल्य पर उपार्जित किया जा चुका है।

इसी प्रकार विजयराघवगढ़ तहसील में अब तक 989 किसानों से 3 हजार 288 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया गया है। जबकि बड़वारा तहसील में 791 कृषकों से 2 हजार 332 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया जा चुका है। स्लीमनाबाद तहसील में अब तक की स्थिति में 601 किसानों से 2070 मीट्रिक टन और रीठी तहसील में 560 किसानों से 1 हजार 767 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। इसके अलावा कटनी नगर और कटनी ग्रामीण तहसील तहसील में 459 किसानों से 1 हजार 416 मीट्रिक टन और बरही तहसील में 393 किसानों से 1 हजार 297 मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है।

#### उपार्जन केंद्र में किसानों के लिये सभी सुविधाएं

कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर उपार्जन केंद्रों में गेहूँ विक्रय की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उपार्जन केन्द्रों में छायादार स्थान में बैठने और पेय जल की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है। केंद्र में बारदाने, तौल कांटे, सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।

#### समर्थन मूल्य के साथ बोनस

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है। गेहूँ के उपार्जन के लिये आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे खरीदी केंद्र में साफ-सुथरा गेंहू लायें।

### चौपाल में किसानों को योजनाओं की दी जानकारी



जल स्रोतों के संरक्षण और कृषि में जल के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत बुधवार को विकासखंड कटनी की ग्राम पंचायत जुहला में उद्यानिकी विभाग द्वारा 'पानी चौपाल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को क्लस्टर आधारित खेती और उससे संबंधित लाभों के बारे में विस्तार से बताया। चौपाल में किसानों को ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई, सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत स्वरोजगार के अवसर और सब्जी, पुष्प और मसाला क्षेत्र विस्तार के साथ-साथ फल उद्यान विस्तार के बारे में अवगत कराया। इस दौरान मौके पर ही सूक्ष्म सिंचाई एवं फलोद्यान रोपण और हेतु इच्छुक किसानों का चयन किया गया। साथ ही विभाग द्वारा किसानों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर पोर्टल पर उनके पंजीयन की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई।

# 'कालेज चलो अभियान' का दूसरा चरण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अपने महत्वाकांक्षी ₹कालेज चलो अभियान₹ के द्वितीय चरण का आधिकारिक शंखनाद कर दिया है। आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय द्वारा जारी नए दिशा-निर्देशों के तहत प्रदेश के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त और निजी महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी और छात्र-केंद्रित बनाने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग का स्पष्ट उद्देश्य है कि प्रदेश का कोई भी पात्र विद्यार्थी उच्च शिक्षा के अवसरों से वंचित न रहे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए विभाग ने ₹हर छात्र कॉलेज तक₹ का नारा दिया है और जमीनी स्तर पर कार्य करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति तैयार की है।

अभियान की सबसे महत्वपूर्ण रणनीति महाविद्यालयों में बुनियादी ढांचे और सहायता तंत्र को मजबूत करना है। निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक महाविद्यालय में एक 'प्रवेश सहायता केंद्र' स्थापित करना अनिवार्य कर दिया गया है। इन केंद्रों पर तकनीकी रूप से दक्ष और प्रशिक्षित ऑपरेटर्स की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी ताकि छात्रों को ऑनलाइन पंजीयन में कोई समस्या न आए। तकनीकी समस्याओं के तत्काल निराकरण के लिए ये सहायता केंद्र सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। डेटा-आधारित व्यक्तिगत आउटरीच* इस बार विभाग केवल छात्रों के आने का इंतजार नहीं करेगा, बल्कि स्वयं उन तक पहुंचेगा। प्रत्येक महाविद्यालय को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की सूची तैयार करें। इन विद्यालयों से 12वीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों का डेटा संकलित किया जाएगा। संकलित डेटा के आधार पर नोडल अधिकारी व्यक्तिगत रूप से फोन के माध्यम से छात्रों से संपर्क करेंगे और उनका पंजीयन सुनिश्चित करेंगे।

शिक्षा की मुख्यधारा से छूट चुके यानी 'ड्रॉप आउट' विद्यार्थियों को वापस लाने के लिए विभाग ने युवाओं की टोली तैयार की है।* महाविद्यालयों के एनसीसी, एनएसएस और अन्य सक्रिय छात्रों को इस मुहिम से जोड़ा गया है। ये स्वयंसेवक अपने-अपने गांव और नगरों में जाकर ऐसे विद्यार्थियों की पहचान करेंगे जिन्होंने पढ़ाई छोड़ दी है। इसके बाद घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा, जहाँ छात्रों और उनके अभिभावकों को उच्च शिक्षा के महत्व को समझाकर प्रवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर 'प्रवेश मेले' और करियर काउंसलिंग आयोजित करने की योजना है।

*स्वच्छता की पाठशाला कार्यक्रम के माध्यम से दी गई जानकारी*

# स्वच्छता बनाये रखने दी गई समझाइश, गंदगी फैलाने पर 2800 रूपये फाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम द्वारा स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत बुधवार को आचार्य विनोवा भावे वार्ड स्थित शासकीय स्कूल दुर्गा चौक में आयोजित "स्वच्छता की पाठशाला" कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शाला स्टॉफ को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बच्चों को ईको ब्रिक्स निर्माण एवं उसके उपयोग की जानकारी देकर प्लास्टिक कचरे के पुनः उपयोग हेतु प्रेरित किया जा रहा है, ताकि भावी पीढ़ी में पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो सके। इसके अतिरिक्त बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी स्वच्छता संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं तथा नागरिकों एवं व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों के सामने साफ-सफाई बनाए रखने, डस्टबिन का उपयोग करने एवं कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालने की अपील की जा रही है।

निगम प्रशासन द्वारा सुचारू सफाई व्यवस्था के लेकर रोजाना शाम के समय बाजार क्षेत्रों में अभियान चलाकर स्पॉट फाइन की कार्यवाही की जा रही है। गत शाम नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान के दौरान गंदगी फैलाने वालों पर 1300 रुपये तथा निर्माण सामग्री रोड पर रखकर आवागमन बाधित कर सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान न करने वालों पर 1500 रुपये का स्पॉट फाइन किया गया।

नागरिकों को सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ - साथ सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए हांका टीम द्वारा चलाये विभिन्न मार्गो मे चलाए गए अभियान के दौरान 10 मवेशी पकड़े जाकर अमीरगंज गौशाला भेजनें कार्यवाही की गई।

नगर पालिक निगम कटनी ने नागरिकों से अपील की है कि स्वच्छता केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। जनसहभागिता एवं सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ कटनी का निर्माण संभव है।

### निगम आयुक्त ने शहर का निरीक्षण कर लिया जायजा, नागरिकों से किया संवाद

# दुकानों के सामने गंदगी मिलने पर जताई नाराजगी, कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने मुख्य स्टेशन मार्ग क्षेत्र का पैदल निरीक्षण कर स्वच्छता, यातायात व्यवस्था एवं बाजार क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्रीय व्यापारियों से सीधे संवाद कर कहा कि स्वच्छ एवं व्यवस्थित शहर का निर्माण केवल प्रशासनिक प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें नागरिकों एवं व्यापारियों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने क्षेत्र के प्रत्येक दुकानदारों से निगम की सफाई व्यवस्था एवं कचरा संग्रहण वाहनों के आने के समय की जानकारी ली। व्यवसायियों ने बताया कि क्षेत्र में प्रतिदिन नियमित सफाई होती है तथा कचरा संग्रहण वाहन दिन में दो बार आते हैं। इस पर निगमायुक्त ने सभी दुकानदारों से वाहन में ही कचरा देकर सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने की बात कही।

राजीव गांधी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स स्थित चाय, पान एवं नाश्ते की दुकानों के सामने गंदगी पाए जाने पर संबंधित व्यापारियों को तत्काल सफाई व्यवस्था सुधारने, दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने तथा नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। जबकि शराब दुकान के बाहर शराब की खाली बोतल, डिस्पोजल, पानी पाउच एवं गंदगी मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए चालानी कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार दिलबहार चौक क्षेत्र के भोजनालय एवं चाय दुकानों के संचालकों को बर्तन दुकान के भीतर धोने के निर्देश दिए गए। वहीं सब्जी मंडी मोड़, शिवधाम गली, पंचमुखी हनुमान जी मंदिर के आस पास सहित अन्य स्थलों के व्यवसायियों को निर्धारित सीमा के भीतर सामग्री रखकर व्यवसाय संचालन करने तथा यातायात व्यवस्था में सहयोग देने की समझाइश दी तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश अतिक्रमण विभाग को दिए।

निरीक्षण के दौरान पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप संचालित हो रहे भंडारे एवं प्रसाद वितरण के कारण मुख्य मार्ग की यातायात एवं सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त ने अधिकारियों को मंदिर समिति के सदस्यों से चर्चा कर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ एवं सुचारू बनाए रखने हेतु आवश्यक समाधान निकालने के निर्देश दिए। नाली कवरिंग कार्य करें शीघ्र पूर्णमुख्य स्टेशन मार्ग, राजीव गांधी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एवं सम्राट होटल क्षेत्र सहित कुछ अन्य स्थानों पर की क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत एवं आवश्यक स्थलों पर नाली कवरिंग कार्य का प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर स्थल की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश उपयंत्री पवन श्रीवास्तव को दिए।

निरीक्षण के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निगमायुक्त ने सेंटर लाइन एवं कॉर्नर लाइन खिंचवाने, पार्किंग स्थलों को व्यवस्थित करने तथा नो पार्किंग जोन में आवश्यक साइन बोर्ड लगाने के निर्देश चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर योगेश पवार को दिये। निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छ बाजार शहर की सुंदरता बढ़ाता है, वातावरण एवं यातायात व्यवस्था को भी बेहतर बनाता है।

# शराब की अवैध बिक्री करने वालों के विरूद्ध की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शराब की अवैध बिक्री करने वालों के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एक विशेष अभियान चलाया गया। शहरी और ग्रामीण थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब बेचने और सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वालों पर कार्यवाही की है। कोतवाली थाना अंतर्गत खरखरी, आधारकाप सुलभ कॉम्प्लेक्स और पौसरा नहर के पास दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध देशी शराब जब्त की गई। पुलिस ने नंद किशोर ढीमर, बबली निषाद और नवाब खान को अवैध बिक्री करते पकड़ा। इसी तरह बड़वारा पुलिस ने रोहनिया, धनवारा और बिजौरी जैसे गाँवों में कार्रवाई कर विक्रम बर्मन, पंकज सोनी और श्याम लाल केवट से शराब बरामद की। वहीं बरही में अवैध शराब के 4 मामले दर्ज किए गए। एन.के.जे. पुलिस ने हिरवारा और प्रेमनगर क्षेत्र में मुन्नी बाई और रजुल केवट को गिरफ्तार किया। माधवनगर पुलिस ने ग्राम शाहपुर और बिचुआ में अवैध शराब बेचते हुए आरोपियों को दबोचा।

बहोरीबंद और स्लीमनाबाद पुलिस ने भी कार्यवाही की है। पुलिस द्वारा जुगिया मैदान, आम रोड और कोहका मोड़ जैसे सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर अव्यवस्था फैलाने वाले युवाओं और अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया।चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने बड़ी मात्रा में देशी प्लेन और मसाला शराब के पाव जब्त किए साथ ही डिस्पोजल गिलास और अन्य सामग्री भी मौके से जब्त की गई। पकड़े गए सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### ककरन तलैया के पास मिला 30 वर्षीय युवक अनिल का शव

**अमानगंज।** अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बम्होरी में एक युवक की धारदार हथियार से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय अनिल दहायत के रूप में हुई है, जिसका शव आज बुधवार 29 अप्रेल को ककरन तलैया के पास संदिग्ध अवस्था में मिला।घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि मृतक अनिल मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी मौत के बाद उसकी दो मासूम बेटियों के सिर से पिता का साया उठ गया है, जिससे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वही मृतक के पिता बैजू दहायत ने गांव के ही चार व्यक्तियों पर हत्या का सीधा आरोप लगाया है। पिता का कहना है कि उनका पुत्र मंगलवार शाम करीब 5 बजे घर से निकला था। जिसके बाद वह घर नही लौटा फिर आज उन्हें गाँव के लोगो ने जानकारी दी कि उनके बेटे का शव तलैया के पास पड़ा है। हालांकि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। हत्या के असली कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा।

### चांपा में श्रीमद्भागवत कथा

**पन्ना।** ग्राम चांपा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में भक्ति का अनूठा वातावरण बना हुआ है। मथुरा-वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित बृजमोहन शास्त्री जी के मुखारविंद से कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा के छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह का मनोहारी प्रसंग प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। छठवें दिन रुक्मणी विवाह का आयोजन बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। विवाह प्रसंग के दौरान पूरा पंडाल भक्तिमय गीतों और भजनों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने इस दिव्य आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान के विवाह उत्सव का आनंद लिया। गौरतलब है कि श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ 23 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए थे। यह कथा 1 मई तक चलेगी, जिसके समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह श्रीमद्भागवत कथा ग्राम चांपा में आयोजित की जा रही है, जिसका सफल संचालन आयोजक केश कली रमेश उपाध्याय, ज्योति नितेश उपाध्याय, वर्षा रज्जन उपाध्याय एवं महालक्ष्मी पंकज उपाध्याय द्वारा किया जा रहा है।

### जिगनी पंचायत में सरपंच के जीत प्रमाण पत्र में देरी

**पन्ना।** जनपद पंचायत अंतर्गत की ग्राम पंचायत जिगनी ग्राम पंचायत में सरपंच पद के चुनाव के बाद भी विजेता को एक दिन बीत जाने के बावजूद प्रमाणपत्र नहीं मिलने से मामला चर्चा का विषय बन गया है। यह पूरा घटनाक्रम अजयगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र का है, जहां 28 अप्रैल 2026 को पंचायत चुनाव संपन्न हुआ था। जानकारी के अनुसार, सरपंच पद के लिए चुनाव पंचों के माध्यम से कराया गया, जिसमें प्रत्याशी प्रेमा सिंह लोध और राधा सिंह लोध को बराबर सात-सात मत प्राप्त हुए। मतों की बराबरी होने की स्थिति में नियमानुसार पर्ची निकालकर फैसला किया गया, जिसमें राधा सिंह लोध का नाम निकलने पर उन्हें सरपंच पद का विजेता घोषित कर दिया गया।

कलश यात्रा के साथ ब्राह्मण धर्मशाला में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

# कलश यात्रा का अर्थ है अपने अहंकार को त्याग कर प्रभु की शरण में जाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

उपकाशी हटा नगर में वैशाख मास के पावन अवसर पर सुनार नदी के तट स्थित सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में श्रीमती विमला पुरुषोत्तम पन्या परिवार द्वारा सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया जिसका भव्य शुभारंभ बुधवार को मां चंडी देवी मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ नगर के रामगोपाल जी महंत श्यामदास जी महाराज बालाजी मंदिर महंत हरिराम दास जी महाराज की उपस्थिति में किया गया। जिसमें पीले वस्त्रों में सिर पर कलश धारण किए सैकड़ो महिलाओं एवं कन्याओं ने भाग लिया। बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और 'राधे-राधे' के जयकारों के साथ निकली कलश यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बालाजी मंदिर पहुंची और वहां से कथा स्थल पर संपन्न हुई। जहां विधि-विधान से कलश पूजन एवं व्यास पूजन किया गया। इसके पश्चात कथा व्यास पं. वीरेंद्र शास्त्री ने अपनी अमृतमय वाणी से कथा का शुभारंभ किया। प्रथम दिवस उन्होंने कलश यात्रा के महत्व का व्याख्यान करते हुए कहा, ₹कलश हमारे मस्तक का प्रतीक है और उसमें भरा जल अमृत तुल्य है। कलश यात्रा का अर्थ है अपने अहंकार को त्याग कर प्रभु की शरण में जाना। भागवत कथा स्वयं भगवान श्रीकृष्ण का वाङ्मय स्वरूप है। इसके श्रवण मात्र से जीवन के सारे पाप धुल जाते हैं और प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। पं. शास्त्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण को पंचम वेद कहा गया है। राजा परीक्षित को शुकदेव जी ने सात दिनों में कथा सुनाकर मुक्ति दिलाई थी। कलियुग में भागवत कथा ही एकमात्र ऐसा साधन है जो जीव को भवसागर से पार लगा सकता है। उन्होंने श्रोताओं से आग्रह किया कि सभी सात दिन कथा का पूर्ण लाभ लें और जीवन को कृष्णमय बनाएं।

दिन एवं रात में कई बार आ जा रही विद्युत....

# 23 घंटे बाद आई बिजली, फिर भी कटौती से तेंदूखेड़ा वासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर एवं आसपास के क्षेत्र इन दिनों बदहाल विद्युत व्यवस्था के कारण भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। सोमवार को आए तेज आंधी-तूफान के बाद से बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम लगभग 5 बजे बिजली आपूर्ति बाधित हुई, जो करीब 23 घंटे बाद बहाल हो सकी। हालांकि, इसके बाद भी स्थिति सामान्य नहीं हो पाई है और लगातार बिजली का आना-जाना बना हुआ है। इस अनियमित विद्युत व्यवस्था ने आमजन का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। भीषण गर्मी के इस दौर में बिजली की लगातार कटौती से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमार व्यक्ति विशेष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। रात के समय बिजली गुल होने से



लोगों की नींद भी पूरी नहीं हो पा रही है, जिससे उनकी दिनचर्या पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है।

सबसे गंभीर समस्या जल आपूर्ति को लेकर सामने आई है। नगर में पिछले तीन दिनों से पानी की सप्लाई पूरी तरह प्रभावित है, जिसका मुख्य कारण बिजली व्यवस्था का बाधित होना बताया जा रहा है। पानी के अभाव में लोगों को 2 से 3 किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ रहा है। इससे महिलाओं और बुजुर्गों को खासतौर पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर साल आंधी-तूफान के बाद इस तरह की समस्याएं सामने आती हैं, लेकिन इसके स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। लोगों ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं और मांग की है कि जल्द से जल्द व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त किया जाए।

जिला पंचायत सामान्य सभा में विकास कार्यों की गहन समीक्षा...

# जल गंगा संवर्धन अभियान में दमोह को टॉप-5 में लाने 10 दिन का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिला पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में जिला पंचायत की सामान्य सभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. मंजू धर्मेंद्र कटारे तथा सीईओ जिला पंचायत मीना मसराम की उपस्थिति में जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति, विभागवार उपलब्धियों तथा अन्य विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभागों के जिला अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान मुख्यमंत्री की प्राथमिकता से जुड़ा महत्वाकांक्षी अभियान है, जिसका उद्देश्य केवल जल संरचनाओं का निर्माण नहीं बल्कि भविष्य के जल संकट से जिले को सुरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और ग्राम पंचायतों तक इस अभियान को जनभागीदारी से जोड़ें, ताकि जल संरक्षण एक स्थायी जनआंदोलन का रूप ले सके। जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. मंजू धर्मेंद्र कटारे ने कहा कि जल संरक्षण से जुड़े कार्यों में महिला स्वसहायता समूहों, ग्रामीण समितियों, आंगनबाड़ी नेटवर्क, विद्यालयों तथा युवाओं की सहभागिता बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि जब तक समाज की भागीदारी नहीं बढ़ेगी तब तक अभियान का अपेक्षित प्रभाव पूरी तरह सामने नहीं आएगा। सीईओ जिला पंचायत मीना मसराम ने विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट कहा कि जिन विभागों की उपलब्धि अपेक्षा के अनुरूप नहीं है वे मिशन मोड में कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी 10 दिनों के भीतर दमोह जिले को जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में टॉप-5 जिलों में लाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर तेजी से अमल किया जाए। इसके लिए प्रत्येक विभाग को लक्ष्य आधारित कार्य, दैनिक मॉनिटरिंग तथा फील्ड स्तर पर परिणाम दिखाने होंगे।

उन्होंने कहा कि जल संरक्षण से जुड़े अधूरे कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए तथा तालाब, कुएं, बावड़ी, नालों की साफ-सफाई, वर्षा जल संचयन संरचनाओं की स्थापना, जल स्त्रोतों का संरक्षण, पेयजल गुणवत्ता परीक्षण और पौधरोपण जैसे कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। साथ ही जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जल बचत के प्रति लोगों को प्रेरित किया जाए।

बैठक के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में जल संरक्षण, भूजल संवर्धन, तालाब गहरीकरण, अमृत सरोवर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पेयजल गुणवत्ता परीक्षण, पौधरोपण, प्याऊ स्थापना, जनजागरूकता कार्यक्रम, जल संरचनाओं के पुनर्जीवन तथा ग्रामीण एवं नगरीय स्तर पर संचालित गतिविधियों की विभागवार जानकारी प्रस्तुत की गई। अधिकारियों ने बताया कि अभियान में शामिल 12 विभागों में से 5 विभाग वर्तमान में प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में टॉप-5 में स्थान बनाए हुए हैं, जो जिले के लिए संतोषजनक स्थिति है, लेकिन शेष विभागों को और अधिक सक्रियता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

बैठक में यह भी चर्चा की गई कि जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ-साथ जिले में संचालित अन्य विकास योजनाओं की प्रगति भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि वे विकास कार्यों की गति बढ़ाएं, समयसीमा में लक्ष्य पूर्ण करें तथा शासन स्तर पर जिले की रैंकिंग बेहतर करने के लिए समन्वित प्रयास करें।

बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में विभागवार प्रगति की लगातार समीक्षा की जाएगी और जिन विभागों का प्रदर्शन कमजोर रहेगा उनसे पृथक जवाबदेही तय की जाएगी। प्रशासन का स्पष्ट लक्ष्य आगामी समीक्षा तक दमोह जिले को बेहतर प्रदर्शन वाले जिलों की अग्रिम पंक्ति में स्थापित करना है।

# वैशाख पूर्णिमा को वसुदैव कुटुंबकम के लिये दे आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अखिल विश्व गायत्री परिवार के मुख्यालय शांतिकुंज,हरिद्वार से इस वर्ष भी निर्देश आया है कि विश्व के अनेकों देशों में चल रहे खून खराबा, अशांति के निवारण के लिए भारतीय संस्कृति के मूल ग्रन्थ वेदों में इसका समाधान बताया गया है कि वसुदैव कुटुंबकम् की भावना से जीवन शैली को अपनाया जाए। अर्थात सारी पृथ्वी हमारी माता है और इसके सभी निवासी हमारे भाई बहिन है। इसी वेद वाक्य को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से वैशाख पूर्णिमा को सभी लोग प्रातः से दोपहर 12 बजे के बीच अपने अपने घरों में गायत्री मंत्र से 24 आहुतियां और महा मृत्युंजय मंत्र से 3 आहुतियां यज्ञ भगवान को इस भाव के साथ समर्पित करें कि हे,यज्ञ देव प्रभु हमारे भावों को उज्जवल और निर्मल बना दे जिससे हमारे मन के सारे विकार दूर हो जाएं और विश्व में शांति स्थापित हो जाए। सारे विश्व में गायत्री परिवार की विचारधारा हम सुधरेंगे युग सुधरेगा को आत्मसात करते सभी के प्रति करुणा दया का भाव रखा जाए। 1 मई को दमोह जिले में 1008 गायत्री परिजनों के घरों पर एक साथ गायत्री यज्ञ का लक्ष्य रखा गया है और वही सब परिजन अपनी सुविधानुसार अन्य संपर्क क्षेत्र के घरों में यज्ञ कराएंगे। जिले भर के प्रज्ञा संस्थानों जैसे गायत्री शक्ति पीठ, प्रज्ञापीठ,चरमपीठ, चेतना केंद्र के लगे हुए ग्रामों में भी इस आयोजन का संदेश पहुंचाया जा चुका है कि गायत्री परिवार में उपलब्ध शुद्ध जड़ीबूटियों से निर्मित हवन सामग्री, बाजार में मिलने वाली हवन सामग्री से प्रज्ज्वलित अग्नि में यह आहुतियां प्रदान की जाए, यदि हवन सामग्री ना उपलब्ध हो तब जवा तिली अथवा देशी गुड़ की गोलियां घी में मिलाकर यज्ञ किया जा सकता है। संध्या काल में सभी लोग अपने अपने घरों में 5, 5 दीपक प्रज्ज्वलित करके 24 बार गायत्री मंत्र बोलकर दीपयज्ञ भी संपन्न करें। उन घरों में देव स्थापना करके दैनिक उपासना, साधना और समाज की आराधना का क्रम प्रारंभ हो, सद साहित्य ग्रंथों का स्वाध्याय का क्रम बने, अखंड ज्योति और युग निर्माण योजना मासिक पत्रिका के वार्षिक सदस्य बनाए जाए।घर का प्रत्येक सदस्य नियमित उपासना साधना को जीवन में उतारे। स्मरणीय है कि कोविड काल 2020 की वैशाख पूर्णिमा से यह आयोजन प्रतिवर्ष सामूहिक रूप से किया जा रहा है जिसके सुफल देखने मिल रहे है।

### रोसरा नृत्यांगना गोलीकांड में न्यायालय ने आरोपी बब्लू राय को किया बरी

**हटा।** नगर के समीप ग्राम रोसरा में हुए चर्चित नृत्यांगना गोलीकांड मामले में आरोपी बब्लू राय को माननीय हटा न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया है। लंबे समय से चल रहे इस बहुचर्चित मामले में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि अभियोजन द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्य आरोपी के खिलाफ अपराध सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं पाए गए। इसी आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषमुक्त घोषित करते हुए बरी करने का आदेश दिया। बताया गया कि घटना के बाद से यह मामला क्षेत्र में लगातार चर्चा का विषय बना हुआ था। सुनवाई के दिन अदालत परिसर में दोनों पक्षों की मौजूदगी रही। फैसला सुनाए जाने के बाद आरोपी पक्ष में राहत का माहौल देखा गया। एडवोकेट अमिताभ चतुर्वेदी ने बताया कि यह चर्चित बंदूक वाला मामला था, जिसमें आज न्यायालय ने आरोपी को दोषमुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि बब्लू राय विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष भी बताए जा रहे हैं। निर्णय के बाद उनके समर्थकों में खुशी का माहौल नजर आया, वहीं मामले को लेकर क्षेत्र में विभिन्न प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही हैं।

# प्रधानाध्यापक को दी भावभीनी विदाई

**तेंदूखेड़ा।** शासकीय बालक माध्यमिक शाला में वर्षों से पदस्थ रहे प्रधानाध्यापक तेजी सिंह ठाकुर के 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने पर एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में क्षेत्र के पूर्व ऊर्जा राज्य मंत्री दशरथ सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ ही अनेक पूर्व एवं वर्तमान अधिकारी, शिक्षकगण, विद्यालय परिवार तथा स्थानीय नागरिकों ने भी समारोह में भाग लेकर श्री ठाकुर को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं स्वागत भाषण से हुई, जिसके पश्चात वक्ताओं ने श्री ठाकुर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। सभी ने एक स्वर में उनके अनुशासन, समर्पण और शिक्षा के प्रति उनके जुनून की सराहना की। अपने



कार्यकाल के दौरान उन्होंने न केवल विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को ऊंचाई दी, बल्कि इसे एक आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेष रूप से विद्यालय परिसर को हरियाली से आच्छादित करने में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। लगभग छह वर्षों में उन्होंने विद्यालय को हरित वातावरण प्रदान करते हुए सैकड़ों पौधों का रोपण करवाया। इन पौधों की उन्होंने बच्चों की तरह देखभाल की और उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित करने में अहम भूमिका निभाई। आज विद्यालय का हर कोना उनकी मेहनत और प्रकृति प्रेम की गवाही देता है, जो पूरे जिले के लिए एक प्रेरणा बन चुका है। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान अतुलनीय रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया। कमजोर विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय देकर पढ़ाना, उन्हें प्रोत्साहित करना और बेहतर परिणाम दिलाना उनकी कार्यशैली का प्रमुख हिस्सा रहा। मुख्य अतिथि दशरथ सिह लोधी ने अपने संबोधन में कहा कि श्री ठाकुर जैसे समर्पित शिक्षक समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। कार्यक्रम के अंत में श्री ठाकुर को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने विदाई उद्बोधन में उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय और विद्यार्थियों के साथ बिताए गए क्षण उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी रहेंगे। समारोह का समापन भावुक वातावरण में हुआ, जहां सभी ने उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

# भगवान की लीला बुद्धि का विषय नहीं है भक्ति ही जीवन का अंतिम सत्य है - पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय नंदीवन मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि भगवान की लीला बुद्धि का विषय नहीं है भगवान तो भक्ति से प्राप्त होते हैं जो प्रेम उनको भजता है वह उन्ही को प्राप्त हो जाता है महाराजइक्ष्वाकु वंश के राजा मुचुकुन्द एक महान पराक्रमी और धर्मनिष्ठ राजा थे वे सत्य और धर्म के पालन में अटल थे एक समय देवताओं और असुरों के बीच भीषण युद्ध छिड़ गया उस समय देवताओं के पास कोई योग्य सेनापति नहीं था तब उन्होंने पृथ्वी पर आकर मुचुकुन्द से सहायता माँगी राजा मुचुकुन्द ने अपना राज्य परिवार और सुख-सुविधाएँ त्यागकर देवताओं की सहायता के लिए युद्ध स्वीकार किया यह युद्ध बहुत लंबे समय तक चला इतना लंबा कि पृथ्वी पर युग बदल गया लेकिन मुचुकुन्द को इसका आभास भी नहीं हुआ। अंततः देवता विजयी हुए देवताओं ने प्रसन्न होकर कहा राजन आप जो चाहें वरदान माँग सकते हैं मुचुकुन्द अत्यधिक थक चुके थे उन्होंने कहा मैं केवल विश्राम चाहता हूँ मुझे ऐसी गहरी नींद मिले कि कोई मुझे जगाए नहीं और यदि कोई मेरी नींद भंग करे तो वह मेरी दृष्टि से ही भस्म हो जाए देवताओं ने तथास्तु कहा मुचुकुन्द एक गुफा में जाकर गहरी नींद में लीन हो गए द्वापर युग में जब कंस का वध हो चुका था तब मथुरा पर एक नया संकट आया यवन राजा कालयवन अत्यंत शक्तिशाली और अहंकारी था उसने अपनी विशाल सेना के साथ मथुरा पर आक्रमण कर दिया कालयवन को यह वरदान था कि कोई भी यदुवंशी उसे युद्ध में पराजित नहीं कर सकता भगवान श्रीकृष्ण ने समझ लिया कि सीधे युद्ध में उसे हराना संभव नहीं है इसलिए उन्होंने एक अद्भुत लीला रची वे बिना शस्त्र उठाए युद्धभूमि से निकल पड़े मानो भयभीत होकर भाग रहे हों कालयावन ने उनका पीछा किया श्रीकृष्ण धीरे-धीरे कालयवन को एक दूरस्थ पर्वतीय गुफा तक ले गए गुफा अत्यंत अंधेरी थी भीतर कोई प्रकाश नहीं था कालयवन क्रोध और अहंकार में अंधा होकर बिना सोचे समझे अंदर घुस गया वहाँ उसने देखा एक पुरुष गहरी नींद में सो रहा है कालयवन ने सोचा यह कृष्ण ही हैं जो मुझसे डरकर सोने का अभिनय कर रहे हैं अहंकार में आकर उसने उस सोए हुए व्यक्ति को जोर से लात मार दी वह कोई और नहीं बल्कि मुचुकुन्द थे जैसे ही उनकी नींद टूटी उन्होंने अपनी आँखें खोलीं उनकी दृष्टि जैसे ही कालयवन पर पड़ी उसी क्षण कालयवन जलकर भस्म हो गया यह सब देवताओं के दिए वरदान के कारण हुआ कालयवन के भस्म होने के बाद गुफा में दिव्य प्रकाश फैल गया तभी मुचुकुन्द ने सामने एक दिव्य पुरुष को देखा पीताम्बर धारण किए चारों ओर तेज से प्रकाशित वह स्वयं भगवान श्रीकृष्ण थे मुचुकुन्द समझ गए कि यह कोई साधारण व्यक्ति नहीं हैं । उन्होंने विनम्र होकर पूछा हे प्रभु आप कौन हैं जिनके दर्शन से मेरा हृदय शांति से भर गया है श्रीकृष्ण ने मुस्कुराते हुए अपना परिचय दिया और कहा मैं विष्णु का अवतार हूँ और तुम्हें दर्शन देने आया हूँ मुचुकुन्द ने भगवान से कहा हे प्रभु मैंने जीवन भर युद्ध राज्य और भोग में समय बिताया अब मुझे समझ आ गया है कि संसार नश्वर है मुझे केवल आपकी भक्ति चाहिए भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें उपदेश दिया यह संसार माया है अहंकार और शक्ति क्षणिक हैं। उन्होंने कहा तुम अगले जन्म में ब्राह्मण रूप में जन्म लोगे और अंततः मुझे प्राप्त करोगे भगवान के दर्शन और उपदेश के बाद मुचुकुन्द का हृदय पूरी तरह बदल गया वे गुफा से बाहर निकले और देखा कि दुनिया बहुत बदल चुकी है युग बीत चुका था उन्होंने संसार से वैराग्य लेकर हिमालय की ओर प्रस्थान किया और तपस्या में लीन हो गए।

# नरसिंहगढ़ में नर्मदेश्वर मंदिर का जीणोद्धार कराया





**नरसिंहगढ़।** ग्राम के नर्मदेश्वर मंदिर का जीणोद्धार कराया गया जो मंदिर लगभग 500 वर्ष पुराना खंडहर में तब्दील हो गया था। ग्राम नरसिंहगढ़ के आसपास की ग्रामीण के सहयोग से मंदिर जीणोद्धार कराया गया। मंदिर प्रांगण में लगभग चार-पांच माह पहले गणेश जी की प्रतिमा और नंदी की प्रतिमा है वह मंदिर प्रांगण के पास खुदाई करने के समय मिली थी। इसके बाद मंदिर में निर्माण कार्य चालू हो गया । सके साथ 20 अप्रैल से श्री राम कथा श्री राम यज्ञ प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में किया गया जिसमें भेड़ाघाट से शिवलिंग और कार्तिक के गौर की मूर्ति लाई गई और स्थापित की गई। इस मौके पर ग्राम के लोगों ने श्री राम यज्ञ में भाग लिया। श्री राम कथा और भव्य भंडारा जिसमें कई गांव के लोगों ने भंडारे का प्रसाद पाया। इस कार्य को नर्मदेश्वर मंदिर समिति के द्वारा ग्राम वासियों के द्वारा कराया गया। कथावाचक चित्रकूट से योगाचार्य राधिका वैष्णवा यज्ञ संचालक बाल संत मधुसूदन दास नग जी महाराज मानसा धाम चित्रकूट रहे।

# पुलिस द्वारा देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र से गुमे नाबालिग बालक को किया दस्तयाब

पन्ना।

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में थाना देवेन्द्रनगर क्षेत्रांतर्गत गुमशुदा नाबालिग बालक को पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए सकुशल दस्तयाब किया गया है तथा प्रकरण में आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 20.04.2026 को फरियादिया सरस्वती कोरी पति सुनील कोरी उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 13 बमरी द्वारा थाना देवेन्द्रनगर में रिपोर्ट की गई कि उनका नाबालिग पुत्र संगम कोरी उम्र 13 वर्ष, दिनांक 19.04.2026 को सुबह घर से बिना बताए कहीं चला गया है। फरियादिया द्वारा आशंका व्यक्त की गई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालक को बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना देवेन्द्रनगर में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 185/2026 धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर तत्काल बालक की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया एवं विभिन्न व्यक्तियों से पूछताछ कर जानकारी संकलित की गई। साथ ही संभावित स्थानों पर लगातार सर्चिंग की गई। सतत प्रयासों के फलस्वरूप दिनांक 28.04.2026 को उक्त नाबालिग बालक संगम कोरी को सगमा सीमेंट फैक्ट्री, मैहर के वाहन पार्किंग स्थल से सकुशल दस्तयाब किया गया। बालक पूर्णतः सुरक्षित है। प्रकरण में आरोपी गुलजीत दहायत उर्फ राज पिता राघवेन्द्र दहायत, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम दुबहियाँ थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना को अभिरक्षा मे लेकर आरोपी से पूछताछ जारी है। बालक की सकुशल बरामदगी से परिजन अत्यंत प्रसन्न हैं एवं उन्होंने देवेन्द्रनगर पुलिस की तत्परता एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए आभार व्यक्त किया है।

### 24 घंटे में पुलिस ने किया खुलासा, सोने चांदी के जेवर व नगदी बरामद

# जीजा के ही घर में साले ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के नवोदय वार्ड स्थित झिरिया मोहल्ला में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर बड़ी सफलता हासिल की है। वहीं हटा पुलिस की त्वरित कार्यवाही से लोगों में भरोसा भी बढ़ाया है क्योंकि इसके पूर्व हटा नगर में कई चोरी एवं लूट की वारदातें घटित हो चुकी है लेकिन पुलिस आज तक पता नहीं लगा पाई इस चोरी की घटना के खुलासा से नगर में थानेदार हुआ स्टाफ की सराहना की जा रही है। बुधवार को दोपहर पुलिस थाना में पत्रकारों को जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने बताया कि नगर में नवोदय वार्ड के झिरिया मुहल्ला में विगत दिवस रात्रि में आगया चोर द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था जहां घटना के बाद पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया के निर्देशन में हटा एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी के मार्गदर्शन हटा पुलिस टीम द्वारा तत्काल जांच शुरू की। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और





मुखबिर तंत्र की मदद से मामले की कड़ियां जोड़ते हुए चोरी का पर्दाफाश कर दिया। जांच के दौरान सबसे चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ जब पता चला कि चोरी की वारदात को किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि फरियादी के ही रिश्तेदार ने अंजाम दिया था। थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने बताया कि आरोपी मनीष साहू पिता कल्लू साहू निवासी हिंडोरिया कंचनपुरा, जो रिश्ते में फरियादी का साला है, ने अपने एक बाल अपचारी साथी के साथ मिलकर घर में चोरी की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों के कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी सहित कुल लगभग 4 लाख 71 हजार रुपये का माल बरामद कर लिया गया है। चोरी का अधिकांश सामान सुरक्षित मिलने से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है। थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी ने बताया कि टीम ने घटना को गंभीरता से लेते हुए लगातार काम किया, जिसके परिणामस्वरूप 24 घंटे के भीतर ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में अन्य जानकारियां भी जुटाई जा रही हैं।

इस पूरी कार्रवाई में एएसआई अरविंद राय, प्रधान आरक्षक महेन्द्र बाबू, भगवत, आरक्षक पवन पटेल तथा साइबर सेल दमोह की विशेष भूमिका रही, जिनकी मेहनत और समन्वय से पुलिस को यह सफलता मिली।

पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही से नगर के लोगों में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ है और यह संदेश भी गया है कि अपराध करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

## 02 मई से 08 मई तक रेडक्रास सप्ताह होगा आयोजित

**दमोह।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा विश्व रेडक्रास दिवस 08 मई 2026 के उपलक्ष्य में 02 मई से 08 मई तक रेडक्रास सप्ताह आयोजित किये जाने के निर्देश कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा सर्व सबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा रेडक्रास की थीम यूनाईटेड इन ह्यूमेनिटी निर्धारित की गई हैं। उक्तानुसार जिले में विभिन्न स्वास्थ्य एवं जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह, जिला शिक्षा अधिकारी दमोह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास दमोह, प्राचार्य पीजी कॉलेज दमोह, जिला सैनानी होमगार्ड दमोह, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक दमोह एवं यातायात प्रभारी दमोह को दिए गए निर्देशों के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा हैं।

# जबेरा में आज से श्री नरसिंह महोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा नगर में आज से प्रारंभ होगा श्री नरसिंह महोत्सव यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग एवम श्री भगवान नरसिम्ह सेवा समिति जबेरा की ओर से प्रतिवर्ष की भांति जबेरा में आज 30 अप्रैल से प्रारम्भ होगा। श्री नरसिम्ह महोत्सव के जबेरा में पुनः इस वर्ष आयोजित किये जाने पर मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति एवम पर्यटन मंत्री तथा जबेरा विधानसभा के विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी ने प्रसन्नता प्रकट की एवम सम्पूर्ण क्षेत्र वासियों से उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की। वही कार्यक्रम की भव्यता एवम विशालता को देखते हुए वृहद स्तर पर जबेरा में तैयारियां की गई है जिनमे एक विशाल पंडाल खेल ग्राउंड में पूर्णता प्रदान की गई है। वही सम्पूर्ण नगर की मुख्य सड़क को दोनों तरफ से लाइट एवम स्वागत द्वारों से सजाया गया है। तथा भव्य पंडाल एवं आकर्षक सजावट की गई है। सम्पूर्ण जबेरा क्षेत्र में प्रचार प्रसार हेतु वाहन पहुचाया गया है तथा ग्रामीणों को

### लोगों से लाभ लेने का किया आव्हान, आयोजन हेतु भव्य तैयारियां पूर्ण की गई

विभिन्न माध्यमो से आमंत्रण भी किया गया है। आयोजन समिति ने कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए सभी से कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होने की अपील की है। वही स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जा रहा है। कलाकारों से आज अपनी प्रस्तुतियों की सूची मुख्य कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया है जिनकी स्क्रीनिंग समिति द्वारा पूर्ण कर ली गई है। दिनांक 1 मई को मशहूर गायिका शहनाज अख्तर का आगमन होगा। वैदिक पंचांग के अनुसार इस वर्ष नरसिंह जयंती 30 अप्रैल 2026 को मनाई जानी है भगवान विष्णु के इस रुद्र अवतार की पूजा का विशेष मुहूर्त शाम 4:17 से शाम 6:56 तक रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नरसिंह महोत्सव में सम्मिलित होने से मनुष्य को भय एवं बाधाओं से मुक्ति मिलती है।

# अवैध हथियार निर्माण व बिक्री मामले में सात आरोपी दोषी, दस वर्ष तक का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

न्यायाधीश पंकज कुमार वर्मा ने अवैध हथियार बनाने एवं उनकी बिक्री के मामले में आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कठोर दंड सुनाया है। इस प्रकरण में मध्यप्रदेश शासन की ओर से पैरवी शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई। मामले के अनुसार, दिनांक 2 जनवरी 2025 को थाना कोतवाली में पदस्थ एएसआई राकेश पाठक को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चैनपुरा मोहल्ले में तीन व्यक्ति बोरी में अवैध हथियार लेकर उन्हें बेचने की फिराक में बैठे हैं। सूचना के आधार पर एएसआई पाठक ने पुलिस टीम गठित कर मौके पर दबिश दी, जहां तीन संदिग्ध व्यक्ति बोरी के साथ पाए गए। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर बोरी से 10 देसी कट्टे एवं 2 पिस्टल बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम भूरा उर्फ रजनीकांत विश्वकर्मा (23), भारतभूषण बंसल (39) एवं परमसुख रैकवार (60) बताए। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वे इन हथियारों को सोहेल खान, समीर खान, रितिक राज एवं दुर्गा पटेल को बेचते थे, जो आगे अन्य लोगों को सप्लाई करते थे। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि अवैध हथियारों का निर्माण भारतभूषण बंसल के घर में संचालित एक अवैध कारखाने में किया जा रहा था। पुलिस ने वहां छापा मारकर बड़ी मात्रा में तैयार एवं अधबने हथियार तथा निर्माण सामग्री जब्त की। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने 12 साक्षियों को प्रस्तुत किया। साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोप सिद्ध मानते हुए भूरा उर्फ रजनीकांत विश्वकर्मा, भारतभूषण बंसल एवं परमसुख रैकवार को आर्म्स एक्ट के तहत दोषी ठहराते हुए 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। वहीं सह-आरोपी सोहेल खान, समीर खान, रितिक राज एवं दुर्गा पटेल को ढाई-ढाई वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल 29,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

### पॉक्सो एक्ट में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पथरिया।** दमोह जिले के पथरिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने बुधवार को पॉक्सो एक्ट के एक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पथरिया थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध किया गया था, कि आरोपी जीजा ने शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया जिसके चलते पीड़िता गर्भवती हो गई और बच्चे को जन्म दे दिया। जिस मामले में आरोपी फरार था जिसकी तलाश कर गिरफ्तार कर लिया गया है एवं आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। वहीं दूसरे मामले में एक आरोपी नाबालिग़ को शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा ले गया था, जिसमें अपहरण सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। सराहनीय कार्यवाही में पथरिया थाना प्रभारी अमित मिश्रा, ए एसआई हरि गोविंद पटेल प्रधान आरक्षक शैलेंद्र अठिया, आरक्षक दीपेश ठाकुर, मनीष कुमार, सहित अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका रही।

## 03 मई को होगी नीट परीक्षा

**दमोह।** जिले में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा 03 मई, रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा जिले के तीन केंद्रों- केंद्रीय विद्यालय दमोह, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह तथा पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में संपन्न होगी। परीक्षा की सुचारू एवं व्यवस्थित तैयारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज 30 अप्रैल, गुरुवार को अपरान्ह 03 बजे कलेक्ट्रेट दमोह के सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है।

# सभी संस्थाओं को अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर तरीके से कार्य करने की आवश्यकता- डिप्टी कलेक्टर

### बिना सामाजिक सहभागिता के विकास की कल्पना अधूरी है- संभाग समन्वयक

### दृष्टि योजना पंच कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवी संस्थाओं की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं की जिला स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में दमोह डिप्टी कलेक्टर आर एल बागरी, संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया, जिला समन्वयकश्री सुशील कुमार नामदेव, उप-संचालक पशुपालन विभाग डॉ. बीके असाटी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर आर एल बागरी ने कहा सभी संस्थाओं को अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। साथ ही आपके द्वारा किए गए कार्यों की वर्ष में लगभग दो बार प्रदर्शनी के रूप में प्रजेंटेशन करें ताकि आपके कार्य को प्रदेश और देश स्तर पर प्रशंसा मिल सके। उप संचालक पशुपालन विभाग डॉ. बीके असाटी ने कहा पशुपालन विभाग की महत्वपूर्ण योजना क्षीर सागर योजना हैं जिसके तहत दमोह जिला में 65 ग्राम चिन्हित किए गए हैं, जहां उन ग्रामों को पशुपालन के क्षेत्र में आदर्श ग्राम बना सकें। संभाग समन्वयक दिनेश कुमार उमरैया ने कहा बिना सामाजिक सहभागिता के विकास की कल्पना अधूरी है। सभी संस्थाएं अपने विजन अनुरूप कार्य किया जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं की उपस्थिति रही।

# रबी उपार्जन पंजीयन में तकनीकी खामी से किसान परेशान, चक्कर लगाने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

क्षेत्र में रबी फसल के उपार्जन हेतु पंजीयन प्रक्रिया किसानों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। किसान सुबह से लेकर देर रात तक कंप्यूटर सेंटरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन वेबसाइट की धीमी गति और तकनीकी खामियों के चलते उनका पंजीयन कार्य समय पर नहीं हो पा रहा है। इससे किसानों में भारी नाराजगी और रोष व्याप्त है। किसानों का कहना है कि जिनकी फसल तैयार हो चुकी है और तुलाई भी हो गई है, उनकी फसल की ऑनलाइन फीडिंग नहीं हो पा रही है। साइट के धीमे संचालन के कारण डेटा अपलोड नहीं हो रहा, जिससे भुगतान प्रक्रिया भी प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। भीषण गर्मी में घंटों इंतजार करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से किसान बेहद परेशान हैं। किसान सुरेश, कल्याण, बलदेव, भूरा, उम्मेद, परशुराम और रामकिशन सहित कई किसानों ने बताया कि जब वे रजिस्ट्रेशन या स्लॉट बुक करने का प्रयास करते हैं, तो कंप्यूटर स्क्रीन पर "भूमि सत्यापन नहीं हुआ" का संदेश प्रदर्शित होता है। किसानों का कहना है कि यदि भूमि सत्यापन नहीं हुआ है, तो फिर उनके गेहूं के पंजीयन पहले कैसे हो गए। इससे स्पष्ट होता है कि शासन की नीतियों और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन में बड़ा अंतर है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि तकनीकी अव्यवस्था और लचर प्रबंधन के कारण उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ रहा है। कई किसानों ने मांग की है कि पंजीयन प्रक्रिया को सरल और सुचारु बनाया जाए तथा साइट की तकनीकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# जंगल के बीच बसा गांव और शौचालय का अभाव

## सुअर के हमले में घायल हुआ ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले ग्राम मालकुही में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जिसने ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राम जी गोंड (उम्र लगभग 50 वर्ष), पिता खुप सिंह, निवासी ग्राम मालकुही, थाना सुआताला, सुबह अपने घर से कुछ दूरी पर खुले में शौच के लिए गए थे। यह ग्राम रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र के अंतर्गत आता है और जंगल के बीच स्थित है। इसी दौरान अचानक एक जंगली सूअर ने पीछे से उन पर हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा लाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया तथा एंटी-रेबीज इंजेक्शन भी लगाया गया। यह घटना केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी व्याप्त बुनियादी सुविधाओं की कमी को उजागर करती है। सरकार द्वारा "हर घर शौचालय" जैसे अभियानों के व्यापक दावे किए गए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। यदि राम जी गोंड के घर में शौचालय की सुविधा होती, तो संभवतः उन्हें खुले में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती और यह हादसा टल सकता था। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्राम मालकुही सहित आसपास के क्षेत्रों में शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए भी ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

# भाजपा कहती कुछ है और करती कुछ है- अरूण यादव

### महिला आरक्षण संबंधी बिल पर जमकर बोले- लखन घनघोरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जबलपुर नाका स्थित नवीन कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्षों वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उपस्थिति में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव, पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया द्वारा रिबन काटकर किया गया। जिला कार्यालय में ही आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा राज में अराजकता बढ़ गई है किसानों को फसलो का वाजिब दाम भी नहीं मिल रहा किसानों की आय दुगनी की बात करते थे पेट्रोल, डीजल, खाद बीज के दाम तो बढ़ गये किन्तु फसलों की समर्थन मूल्य जस की तस है। पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया ने महिला आरक्षण पर गरजते हुए कहा कि भाजपा कहती है कि कांग्रेस 33 प्रतिशत आरक्षण के पक्ष में नहीं है किन्तु हम तो बराबरी की बात करते है। हम तो 50 प्रतिशत आरक्षण के पक्ष में है। भाजपा महिलाओं का सम्मान नहीं अपमान करती है। वह महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन करना चाहती है उत्तर दक्षिण भारतवासीयों को लड़ाना चाहती है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटैल ने कहा कि यह नवीन कांग्रेस कार्यालय प्रत्येक कांग्रेसजन के लिये दिन रात खुला है जिले का प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता इसे अपना घर समझे। पूर्व विधायक राजा पटैरिया, प्रताप सींग कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से देश की रक्षा कर रही है मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, राकेश तिवारी, महेन्द्र प्रताप सींग, निधि श्रीवास्तव, प्रदीप पटेल, रजनी ठाकुर, परम यादव, रोहन पाठक, लक्ष्मण सींग, नितिन मिश्रा, बीरेन्द्र राजपूत, प्रदीप खटीक, बृजेन्द्र सींग, अमर सींग, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, बसंत कुशवाहा, प्रदीप खटीक, दुगपाल सींग, शानु जुनेजा, डालचंद कुशवाहा, बबलु भट्ट, पवन यादव, अभिषेक यादव, मुकेश रोहितास, अजय जाटव, कमला निषाद, गीता लोधी, केके वर्मा, रियाज खान, उवेद गौरी ने भी कहा कि हम सब एक है और अब नई स्फूर्ति से भाजपा की अनीतियों के खिलाफ उन्हें बेनकाब करते रहेंगें। इस अवसर पर हटा से योगेश सराफ, रामनाथ राय, घनश्याम यादव, संजय तिवारी, योगेश पटेल, हिण्डोरिया से एमएम राही, पटेरा से नंदे चौरसिया ब्लाक अध्यक्ष, नितिन ताम्रकार, कलीमउददीन खान, जबेरा से ओपी शर्मा, संध्या लोधी, संतोष रजक अखिलेश लोधी तेन्दूखेड़ा से तुला यादव, रघुनाथ यादव, नीलेश यादव, पथरिया से प्रदीप पटेल, सतीष लोधी, बालमुकुंद टिपरया सहित मंडलम सेक्टर एवं अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

# ब्यारमा नदी में दिखा मगरमच्छ, जुझार गांव के पास दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



दमोह जिले के जुझार गांव से लगी ब्यारमा नदी में उस समय हड़कंप मच गया जब नदी के तटीय क्षेत्र में एक मगरमच्छ चहल-कदमी करते हुए दिखाई दिया। ग्रामीणों के अनुसार जैसे ही लोगों की आहट हुई, मगरमच्छ तुरंत नदी के गहरे पानी में चला गया, लेकिन इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। जानकारी के मुताबिक, गर्मियों के चलते ब्यारमा नदी का जलस्तर लगातार कम होता जा रहा है। इसी कारण नदी में रहने वाले जलचर जीव अब तटीय इलाकों की ओर दिखाई देने लगे हैं। दोपहर के समय जुझार सेतु के पास टापू (हारिसा)एक मगरमच्छ को साफ तौर पर नदी किनारे घूमते हुए लगातार दो से देखा गया। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि यह इलाका सीधे गांव से सटा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर पानी का स्तर इसी तरह घटता रहा तो मगरमच्छ के गांव की ओर आने का खतरा और बढ़ सकता है, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। मगरमच्छ की मौजूदगी के बाद गांव में दहशत का माहौल है। लोग नदी किनारे जाने से बच रहे हैं और बच्चों व मवेशियों को भी सुरक्षित स्थान पर रखा जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई जाए और उचित सुरक्षा व्यवस्था की जाए। ब्यारमा नदी में मगरमच्छ के दिखाई देने की यह घटना एक बार फिर यह संकेत दे रही है कि जलस्तर घटने से जलचर जीव अपने प्राकृतिक आवास से बाहर निकलकर मानव बस्तियों के करीब आने लगे हैं।

# ब्यारमा नदी में बढ़ा जलस्तर, सतधरू डेम के गेट खुले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



दमोह जिले में ब्यारमा नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ गया है। प्रशासन द्वारा सदधरू डैम के गेट खोले जाने के बाद नदी में पानी का बहाव तेज हो गया, जिससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में राहत का माहौल देखा जा रहा है। बीते दिनों ब्यारमा नदी का जलस्तर लगातार घटता जा रहा था, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई थी। गर्मी के मौसम में क्षेत्र के किसानों ने मूंग और उड़द की फसल की बोवनी की थी, लेकिन पानी की कमी के चलते फसलों पर संकट के बादल मंडराने लगे थे। कई स्थानों पर नदी की धारा कमजोर पड़ गई थी, जिससे मवेशियों के लिए भी पेयजल संकट उत्पन्न हो गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित निर्णय लेते हुए सदधरू डैम के गेट खोल दिए। इसके बाद ब्यारमा नदी में जल प्रवाह बढ़ गया और नदी का जलस्तर सामान्य की ओर लौटने लगा। नदी में पानी बढ़ने से अब किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होने की उम्मीद जगी है।

वहीं मवेशियों के लिए भी पेयजल संकट काफी हद तक कम हो जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन के इस निर्णय को राहतभरा कदम बताया है। फिलहाल नदी का जलस्तर स्थिर बना हुआ है और स्थिति पर प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है।